हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 15 जुलाई 2025

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 देवास पुलिस ने 25 लाख के गुम मोबाइल उनके...



07 देवास-हरदा में करणी सेना पर लाठीचार्ज के विरोध में ...



## खबर संक्षेप

### निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रों का पंजीयन अनिवार्य

**सीहोर।** निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने गत दिवस बताया कि शासन निर्देशानुसार अब निजी नर्सिंग होम एवं क्लिनिकल स्टेब्लिशमेंट का विनिमय म.प्र. उपचार्यगृह तथा रजोपचार्य संबंधी स्थापनाएं (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के स्थापित प्रावधान अनुसार समस्त फीजियोथेरेपिस्ट को अधिनियम की धारा 2 में क्लिनिकल स्टेब्लिशमेंट को परिभाषित किया गया हैं। अधिनियम की धारा 3 के अनुक्रम में कोई भी व्यक्ति द्वारा क्लिनिकल स्टेबलिसमेंट का संचालन (निजी फीजियोथेरेपी केन्द्र) बिना विनियामक अधिनियम के अन्तगर्त पंजीयन के बिना नहीं किया जा सकता। जिले के समस्त निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को निर्देशित किया गया है कि फीजियोथेरेपी केन्द्रों का पंजीयन अनिवार्य रूप से कराएं।

### छात्रवृत्ति योजना के लिए शुरू हुए ऑनलाइन आवेदन

**सीहोर।** खदान पर काम करने वाले श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा में मदद करने के लिए श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की ओर से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इसके लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल https://scholarships.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्री-मैट्रिक के विद्यार्थी 31 अगस्त एवं पोस्ट मैट्रिक विद्यार्थी 31 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**बिजली कंपनी कर रही मुनादी:** स्मार्ट मीटरों के दो दिवस में बिल जमा नहीं किए तो भोपाल से ऑनलाइन कट जाएगा कनेक्शन

# कनेक्शन कटने के बाद जोड़ा जाएगा तो लगेगा 340 रुपए सरचार्ज, चेतावनी से उपभोक्ताओं में आक्रोश

बिजली कनेक्शन कटने पर अगले बिल में 340 रुपए आएंगे जुड़कर, बिजली कंपनी की मनमानी बढ़ा रही लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले में स्मार्ट मीटर लगाने के निर्णय को लेकर बिजली उपभोक्ताओं में आक्रोश कम होते नजर नहीं आ रहा है। प्रतिदिन भिन्न-भिन्न स्थानों पर उपभोक्ता इस फैसले का विरोध कर रहे हैं और ज्ञापन देकर अपनी नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं। बिजली कंपनी ने इस बीच एक नई चेतावनी जारी की है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि यदि उपभोक्ता दो दिवस के भीतर अपना बिजली बिल जमा नहीं करते हैं, तो उनके ऑनलाइन कनेक्शन काट दिए जाएंगे। इस घोषणा ने उपभोक्ताओं के बीच और भी अधिक चिंताएं और आक्रोश पैदा कर दिया है।

**खबर पर नजर**

जिले में स्मार्ट मीटर लगाए जाने को लेकर बिजली उपभोक्ताओं का आक्रोश कम होता नजर नहीं आ रहा है। स्मार्ट मीटर को लेकर जिले में लगभग प्रतिदिन विरोध और ज्ञापन देने का सिलसिला लगातार बना हुआ है। ऐसे समय में बिजली कंपनी ने बिजली बिल दो दिवस में जमा करने की सार्वजनिक रूप से चेतावनी कराई जा रही है। इसके साथ ही कहा जा रहा है कि दो दिवस में बिल जमा नहीं हुआ तो ऑनलाइन कनेक्शन काट दिया जाएगा। बिजली कंपनी द्वारा चेतावनी देते वाहन शहर में घूम रहे हैं। इन वाहनों से बिजली उपभोक्ताओं को चेतावनी दी जा रही है कि जिनके घर या दुकान पर स्मार्ट मीटर लगे हैं। ऐसे उपभोक्ताओं की बिजली बिल जमा करने की तारीख जुलाई थी, जो कि निकल गई है। ऐसे उपभोक्ताओं को सूचना दी जाती है कि दो दिन के अंदर अपना बिल जमा करे अन्यथा आपका कनेक्शन ऑनलाइन भोपाल से काट दिया जाएगा और बिल जमा होने के उपरांत ही ऑनलाइन कनेक्शन भोपाल से जुड़ेगा। इसक साथ ही कनेक्शन काटने जोड़ने की अतिरिक्त राशि 340 रुपए अगले बिल में जुड़ कर आएगी। बिजतली उपभोक्ता असुविधा से बचने के लिए दो दिवस के अंदर अपना बिल जमा कर दें। बिजली कंपनी के इस तरह के कार्य से बिजली उपभोक्ताओं में आक्रोश और बढ़ गया है।

**दो दिन में संभव नहीं है बिल जमा करना:** स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि स्मार्ट मीटर की अनियोजित लागत और उसके संभावित फायदे को लेकर उन्हें सही जानकारी नहीं दी गई है। उनका मानना है कि नया मीटर लगाने की प्रक्रिया उनके लिए परेशानी का सबब बन रही है। पहले से ही स्मार्ट मीटर के बिल करंट मार रहे हैं। पहले की अपेक्षा चार-चार गुना बिल आ रहे हैं। इसके साथ ही कई उपभोक्ताओं के घर मनमानी राशि के बिल पहुंच रहे हैं, जो जमा करना संभव नहीं है। बिजली कंपनी स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं का समाधान निकाल नहीं रहा है। वहीं अब बिजली बिल वसूली के लिए इस तरह का मनमना कार्य कर रहा है। बिल की समयसीमा की चेतावनी ने उपभोक्ताओं में तनाव को और बढ़ा दिया है, क्योंकि कई उपभोक्ताओं के लिए दो दिन में बिल जमा करना संभव नहीं हो रहा है।

### बंदूक के साए में लगाए जा रहे मीटर

बिजली कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि पिछले बुधवार को दशहरा बाग क्षेत्र में एक युवक ने कंपनी कर्मचारी से स्मार्ट मीटर छीनकर तोड़ दिया। इसके बाद कंपनी के कर्मचारियों ने सुरक्षा मांगी। अब उनके साथ बंदूकधारी सुरक्षाकर्मी भेजे गए हैं। सुरक्षाकर्मी महज सुरक्षा के लिए भेजे जा रहे हैं। ताकि स्मार्ट मीटर लगाने वालों के साथ अनहोनी घटना नहीं हो, लेकिन बंदूक के साए में बिजली मीटर लगाए जाने से लोगों में आक्रोश कम होने की जगह बढ़ रहा है। लोगों का कहना है कि वह उपभोक्ताओं के साथ संवाद स्थापित करें और उनकी चिंताओं को सुनें। स्थानीय प्रशासन को भी इस मामले में हस्तक्षेप करने की आवश्यकता हो सकती है, ताकि उपभोक्ताओं का आक्रोश कम हो सके और शांति व्यवस्था बनी रहे। इस स्थिति पर आगे क्या कदम उठाए जाते हैं, यह देखना महत्वपूर्ण होगा, ताकि उपभोक्ताओं और बिजली कंपनी के बीच संचार एवं सहयोग की स्थापना की जा सके।

### 14 हजार स्मार्ट मीटर से ज्यादा लगाए चुके हैं सीहोर में

सीहोर के महाप्रबंधक सुधीर शर्मा के अनुसार आरडीएसएस योजना के तहत सीहोर संभाग में 67,051 स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य है। अब तक करीब बीस प्रतिशत 13,680 मीटर लगाए जा चुके हैं। इसके साथ ही स्मार्ट मीटर लगाए जाने का लगातार सिलसिला चल रहा है। ज्ञात रहे कि सीहोर में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर को लेकर शहर कांग्रेस ने शुक्रवार को कोतवाली चौराहे पर धरना दिया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बिजली कंपनी द्वारा जबरिया थमाये जा रहे स्मार्ट मीटर का नागरिक काफी विरोध हो रहा हैं, कहीं-कहीं तो लड़ाई-झगड़े की स्थिति बन रही है, जिससे शहर का माहौल खराब होने की पूर्ण सम्भावना है। नागरिकों का कहना है कि यह स्मार्ट मीटर खपत से अधिक रीडिंग दे रहे हैं, जब चाहे तब अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। बिजली के बिलों की राशि बढ़ाकर दी जा रही है, समय पर मीटर की रीडिंग नही ली जा रही है, जो नवीन स्मार्ट मीटर लगे हैं उनमें से कई के बिल तक समय पर नही दिये जा रहे हैं। बिजली कंपनी की इसी प्रकार की कई अनीयमितताओं और मनमानी के चलते नागरिकों में काफी आक्रोश है।

### बिजली कंपनी का उपाय एप हुआ अपग्रेड

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को अनेक सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई गई हैं। कंपनी ने बिजली उपभोक्ता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कंपनी के उपाय ऐप को अपग्रेड कर दिया है। अब उपभोक्ता कंपनी के उपाय ऐप का लाभ उठा सकते हैं।

सोमवार को नगर में हुई कांवड़ यात्राओं की शुरुआत

# गुप्तेश्वर महादेव से निकली कांवड़ यात्रा बाबा बैजनाथ का जलाभिषेक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



श्रावण मास के प्रथम सोमवार से नगर में कांवड़ यात्रा निकलने की शुरुआत हुई। जय बाबा बैजनाथ कांवड़ यात्रा ग्रुप द्वारा गुप्तेश्वर महादेव से बैजनाथ महादेव आगर तक की कांवड़ यात्रा निकाली गई। सोमवार को जय बाबा बैजनाथ कांवड़ यात्रा ग्रुप के सदस्यों चेतन सोनी, चेतन राठौर, दीपक दुधेला, कान्हा विश्वकर्मा आदि द्वारा नगर के चौक बाजार में स्थित श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर बाबा का पूजन कर कांवड़ यात्रा प्रारंभ की गई।

कांवड़ यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों चौक बाजार, गणेश चौराहा, शिवाजी चौराहा, सरदार पटेल चौराहा होते हुए आगर स्थित बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर के लिए रवाना हुई। कांवड़ यात्रा में ग्रुप सदस्य कंधों पर कावड़ उठाये चल रहे थे जिनमें मां लखुंदर का जल भरा हुआ था। कांवड़ यात्रा का नगर में स्थान स्थान पर स्वागत किया गया। बाबा बैजनाथ महादेव पहुंचकर कावड़ यात्रियों द्वारा बाबा बैजनाथ का जलाभिषेक किया गया।

श्रावण मास में भोले के भक्त विभिन्न तरीकों से बाबा की भक्ति में लीन रहते है। कोई व्रत उपवास कर रहे हैं तो कोई पूजन अभिषेक कर रहे है तो कई भक्त कांवड़ यात्राएं निकालकर बाबा का जलाभिषेक कर रहे हैं। नगर सहित क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से ऐसी निकलने वाली कांवड़ यात्राओं की सावन के पहले सोमवार से शुरुआत हो गई है। आने वाले दिनों में कई कांवड़ यात्राएं निकाली जाएंगी।

### इच्छापूर्ति महादेव का किया गया आकर्षक श्रृंगार

**नलखेड़ा।** श्रावण मास के पहले सोमवार को मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित श्री इच्छापूर्ति महादेव मंदिर पर बाबा का आकर्षक श्रृंगार किया गया। सोमवार को प्रातःकाल से श्री इच्छापूर्ति महादेव मंदिर पर अभिषेक पूजन करने वाले भक्तों की भीड़ लगी हुई थी। दोपहर 12 बजे बाबा का आकर्षक श्रृंगार किया गया। जिनके दर्शन के लिए देर रात तक भक्त पहुंचते रहे।



## सावन के प्रथम सोमवार पर गूंजे ओम नमः शिवाय से शिवालय

**नलखेड़ा।** शिव भक्ति का पावन मास सावन की शुरुआत हो गई है। संपूर्ण मास में शिव भक्त भोले की भक्ति में लीन रहेंगे। सावन मास के प्रथम सोमवार को नगर सहित आसपास के ग्रामों के शिवालय ओम नमः शिवाय से गूंजते रहे। सावन मास के प्रथम सोमवार को नगर के श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर श्री इच्छापूर्ति महादेव मंदिर श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर श्री त्र्म्बकेश्वर महादेव मंदिर सहित ग्राम गोंदलमऊ स्थित 1111 शिवलिंग



वाले शिव मंदिर लालूखेड़ी स्थित श्री जालेश्वर महादेव मंदिर आदि शिवालयों में प्रातःकाल से ही भक्त पूजन अभिषेक करने पहुंच रहे थे। यह सिलसिला दोपहर तक जारी रहा। दोपहर बाद लगभग सभी शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का आकर्षक श्रृंगार किया गया था। जिनके दर्शन करने के लिए देर रात्रि तक भक्तों का तांता लगा रहा। सावन मास में सभी मंदिरों पर आकर्षक विद्युत सज्ज़ा भी की गई है। वहीं कई शिव मंदिरों में अखंड रामायण पारायण का पाठ भी चल रहा है।




# गुरुकुल के बच्चों ने रॉकेट लांच कर मनाई चंद्रयान 3 के प्रक्षेपण की वर्षगांठ

**नलखेड़ा।** बच्चों में अंतरिक्ष विज्ञान और रॉकेट्री के प्रति आकर्षण और रोचकता पैदा करने के लिए नगर में पांडिया कॉलोनी स्थित गुरुकुल कॉन्वेंट स्कूल में चंद्रयान 3 के प्रक्षेपण की वर्षगांठ मनाई गई। 2 वर्ष पूर्व भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो द्वारा चंद्रयान-3 का प्रक्षेपण सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा से 14 जुलाई 2023 को किया गया था। इसके साथ ही भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक अंतरिक्ष यान उतारने वाला पहला देश बन गया था। हमारे देश के वैज्ञानिकों की इस सफलता से प्रेरणा लेने और चंद्रयान 3 के रॉकेट के प्रक्षेपण को प्रयोगात्मक रूप से समझने के लिए विद्यार्थियों द्वारा ग्लोबल इनोवेशन फाउंडेशन के समन्वयक शैलेंद्र कसेरा के मार्गदर्शन में चंद्रयान 3 के मॉडल वाटर रॉकेट का प्रक्षेपण करवाया गया। जिसमे बच्चों द्वारा वाटर बोतल से रॉकेट बनाए गए जिसके द्वारा बच्चों को मॉडल रॉकेटरी को निकटता से समझने का मौका मिला। पानी की बोतल से रॉकेट बनाकर इसका प्रक्षेपण करने से विज्ञान के सिद्धांतो को प्रयोगात्मक रूप से स्वयं परीक्षण करके मॉडल रॉकेटरी को निकटता से समझने का मौका भी मिला।

# आधि ही व्याधि की जननी है, जो सर्वाधिक दुख प्रदान करने वाली है : मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





जीवन में वास्तविक खुशी तब रहती है, जब हम आत्मविशुद्धि, विशुद्ध परिणामों से पूरित तथा मानसिक बीमारी से दूर हों। वर्तमान में प्राणी आधि - व्याधि से पीड़ित है। आधि ही व्याधि की जननी है, जो सर्वाधिक दुख प्रदान करने वाली है। व्यक्ति जितना मानसिक वेदना से दुःखी है, उतना शारीरिक रोगों से नहीं।

स्थानीय दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास के लिए विराजित मुनिश्री विवर्धन सागर महाराज व मुनिश्री विश्व नायक महाराज ने अपने प्रवचन के दौरान यह बात कही मुनिश्री ने कहाकि मानसिकता का मूल कारण है व्यर्थ की चिंताओं से मन ग्रसित होना। लेकिन भाग्य में जो लिखा होगा वैसा ही होगा तो फिर चिंता किस बात की। चिंता ऐसा घुन है जिसके लग जाने से व्यक्ति गेहूं की तरह अंदर ही अंदर खोखला, विवेक शून्य हो जाता है, जिसके कारण वहां सम्यक रास्ता नहीं खोज पाता। हित - अहित, कल्याण- अकल्याण का भेद समझ नहीं पता है। चिंता हमारी आत्म विशुद्ध, ऊर्जा शक्ति को नष्ट कर दुर्बल बनाती है। उन्होंने कहा कि चिंता हमें अनेक सांसारिक रोगों का घर बना देती है। फिर निरंतर हमारा आर्त-रौद्र ध्यान चलता है, जिससे हमारी आत्मा मलीन होती है। अतः चिंताओं से दूर होंगे तभी आप आत्मज्ञान व साधना का परम सुख पा सकेंगे। यही जीवन का वास्तविक आनंद भी है।

मुनिश्री ने कहा कि आपकी सारी साधना जिस पर टिकी है वह श्रद्धा है। श्रद्धा नींव है तथा समर्पण और भक्ति वृक्ष है। अपनी श्रद्धा को समय-समय पर तौलते रहना चाहिए कि हमारी साधना रूपी जड़ (श्रद्धा) जिस पर हमारे व्रत, नियम, संयम रूपी पत्ते - फल-फूल टिके है, उसमें ज्ञान रूपी नीर पहुंच रहा है या नहीं। उसके अभाव में श्रद्धा अस्थाई, कमजोर एवं चलायमान हो जाती है। जबकि सच्ची श्रद्धा पर चाहे लौकिक उपेक्षा- अपेक्षा, सम्मान रुपी आंधी तूफान आए तब भी वह विचलित नहीं होती।

**जैन आराधना भवन में चल रहे धार्मिक प्रवचन में रत्ननिधि बोलीं...**

# मोबाइल व टीवी हमारे संस्कारों को खत्म कर रही है

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा




वर्तमान समय में भारतीय संस्कृति को बचाना है तो हमारे बच्चों को संस्कारी बनाना होगा। संसार के कार्यों के लिए तो आपके पास समय है, लेकिन परिवार के साथ बैठकर आपस में बातचीत करने के लिए समय नहीं है। बच्चों को संस्कार देने के लिए समय निकालना होगा। बच्चों को यदि अच्छे संस्कार नहीं दिए तो हमारा भविष्य पतन के गर्त में जाने वाला है।

जैन आराधना भवन में चातुर्मास के लिए विराजित रत्ननिधि श्रीजी म.सा. ने सोमवार को जैन आराधना भवन में उत्तराध्ययन सूत्र पर प्रवचन करते हुए उपस्थित समाज जनों के समक्ष यहां विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आज हमारी युवा पीढ़ी को संस्कार नहीं देंगे तो हमारी संस्कृति व धर्म भी नहीं बचेगा। मोबाइल व टीवी संस्कृति हमारे संस्कारों को खत्म करने का कार्य कर रही है। साध्वी ने कहा कि पुराने समय में प्रातःकाल उठने के बाद हम परमात्मा के मंदिर में दर्शन के लिए जाते थे, उसके बाद सभी दैनिक क्रियाएं करते थे। लेकिन वर्तमान समय में हम उठते ही मोबाइल के दर्शन करते हैं, जो हमारी संस्कृति के पतन का कारण बन रही है। साध्वी ने कहा कि जीवन में क्रोध, प्रीति का नाश कर देती है। माया, मित्रता का। मान,विनय का तथा लोभ तो सबका विनाश कर देता है। हम अहंकार को तिलांजलि देकर विनय भाव को जीवन में ग्रहण करें। उन्होंने कहा कि जीवन में गुरु का होना आवश्यक है जिसके जीवन में यदि गुरु नहीं है तो समझो उसका जीवन अभी शुरू नहीं जब तक जीवन में गुरु नहीं होगें तब तक जीवन में परिवर्तन भी नहीं हो सकता है। रावण जिसके पास अजोड़ ज्ञान के साथ विधाओं का भंडार था लेकिन जीवन में गुरु नहीं होने से हमेशा अहंकार का मद बना रहता था। अहंकार के कारण ही वहां अपने कुल के विनाश का कारण बने वहीं अंतिम समय में कोई दीपक जलाने वाला भी नहीं बचा। यहीं कारण है की आज कोई भी माता-पिता अपने बच्चों का नाम रावण नहीं रखते हैं।

साध्वीजी ने कहा कि जीवन का महत्व क्रियाऐं करने से नहीं, क्रियाएं किस भाव व परिणाम के लिये की जा रही है, यह महत्वपूर्ण है। आज हमारी परमात्मा के प्रति श्रद्धा व समर्पण औस की उन बूंदो के समान है जो हवा के झोके के साथ ही समाप्त हो जाती है, यही स्थिति इस संसार की है। जीवन में जानबुझ कर किये गये पापो के लिये प्रायश्चित नहीं होता है। चातुर्मास में वस्त्र परिर्वतन से नहीं जीवन परिवर्तन करने से ही आत्मा का कल्याण होगा। उन्होंने कहाकि जीवन में जैसा कर्म करेंगे उसका रिकॉर्ड हमारी आत्मा में कैद हो जाता है, वही कर्म हमें अगले भव में भोगना ही पड़ेंगे। जैसा बोयगे वैसा ही उगेगा। क्रोध, मान, माया, लोभ यहां चार तत्व संसार को बढ़ाने वाले हैं।

### 68 दिवसीय नवकार महामंत्र की कलश यात्रा का कार्यक्रम 20 से प्रारंभ

स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में इस बार चातुर्मास आराधना कराने के लिए हनुमान मंडी स्थित जैन आराधना भवन में विराजित साध्वी रत्ननिधि म.सा., पुण्यनिधि म.सा. आदि ठाणा - 5 की पावन निश्रा में चातुर्मास के दौरान विभिन्न धर्म आराधना होगी। आराधना की इसी कड़ी में 16 जुलाई से श्रेणीक तप व 17 जुलाई से कंठाभरण तप की तपस्या प्रारंभ होगी। समाज में साध्वीजी की प्रेरणा से विश्व शांति, संकल्प सिद्धि व आत्म समृद्धि की भावना के साथ 20 जुलाई से 68 दिवसीय नवकार महामंत्र की कलश यात्रा का कार्यक्रम प्रारंभ होगा। प्रतिदिन लाभार्थी परिवार के यहां श्री संघ के साथ नवकार कलश ले जाया जाएगा जहां पर एक घंटे का सामूहिक नमस्कार महामंत्र का जाप होगा। यहां क्रम लगातार 68 दिवस तक चलेगा।

**खबर संक्षेप**

## सावन माह के पहले सोमवार पर जटाशंकर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**बागली।** बागली के प्राचीन जटाशंकर स्थल पर सावन माह के पहले सोमवार पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई। सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना-जाना शुरू हो गया था। दिनभर जटाशंकर महादेव मंदिर पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वहीं लोगों ने जटाशंकर महादेव का जलाभिषेक कर पूजन किया। वही जटाशंकर सेवा समिति की ओर से प्रसादी के रूप में खिचड़ी का वितरण किया गया। इसी दौरान चन्द्रकेश्वर तीर्थ स्थल पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु महादेव के दर्शन करने पहुंचे। यहां की विशेषता यह है कि महादेव 24 घंटे जल में डूबे हुए रहते हैं , तो बड़ी संख्या में सावन माह में यहां पर लोग आते हैं और दर्शन कर पूजन करते हैं।

### सायबर सेल देवास की बड़ी सफलता, गुम हुए 180 मोबाइल फोन किए बरामद

# देवास पुलिस ने 25 लाख के गुम मोबाइल उनके वास्तविक धारकों को लौटाए

**सायबर सेल की तकनीकी संसाधनों, डिजिटल निगरानी और अंतर्राज्यीय समन्वय से मिली सफलता**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सायबर सेल देवास ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए गुम कुल 180 मोबाइल फोन सफलतापूर्वक खोज निकाले हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 25 लाख आंकी गई है। यह सफलता पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के प्रभावी निर्देशन में,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया एवं यातायात एसपी हरनारायण बाथम के कुशल मार्गदर्शन में संभव हो सकी । सायबर सेल ने उक्त मोबाइलों की तलाश के लिए तकनीकी संसाधनों, डिजिटल निगरानी और अंतर्राज्यीय समन्वय का सहारा लिया गया । टीम द्वारा मोबाइलों को अन्य राज्यों से भी ट्रेस किया गया एवं विधिवत कानूनी प्रक्रिया के तहत उन्हें देवास लाया गया। बरामद मोबाइलों को एक औपचारिक कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद, एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया द्वारा उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे गये। समस्त मोबाइल प्राप्तकर्ता अपना मोबाईल पाकर खुश हुये एवं पुलिस को आभार व्यक्त किया । पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी को सायबर फ्रॉड से संबंधित जानकारी दी गई एवं सायबर फ्रॉड होने पर डायल 100 एवं 1930 पर तुरंत शिकायत दर्ज करने के बारे में बताया गया एवं बताया कि मोबाईल गुम होने की दशा में आप स्वंय भारत सरकार के पोर्टल सीईआईआर पर अपनी शिकायत को दर्ज कर सकते हैं। गेहलोद ने इस कार्य के लिए सायबर सेल की टीम को बधाई देते हुए कहा,₹सायबर सेल ने तकनीकी का सकारात्मक उपयोग कर जनता की शिकायतों को गंभीरता से लिया है। पुलिस का यह प्रयास जनता के भरोसे को और मजबूत करता है।

# ग्रामीणों ने वन मंडल अधिकारी से चर्चा कर तेंदुआ रेस्क्यू करने की मांग की

**कृषक खेतों में जाने से रहे डर**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शंकरगढ़, पालनगर और नागदा क्षेत्रों में तेंदुए की गतिविधियों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। पिछले दिनों तेंदुए ने क्षेत्र में कुत्तों व बकरियों का शिकार किया था। ग्रामीणों में भय व्याप्त है कि तेंदुआ आमजन को भी नुकसान पहुंचा सकता है। जिसके चलते आज क्षेत्र के ग्रामीण वन विभाग पहुंचे जहां उन्होनें वनमंडलाधिकारी को ज्ञापन देकर तेंदुए का रेस्क्यू कर उसे अन्य जंगली क्षेत्र में छोडऩे की मांग की है।शहर के बायपास मार्ग स्थित शंकरगढ़ व पालनगर क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से तेंदुए ने कुत्तों व बकरियों सहित अन्य जानवरों का शिकार किया है। क्षेत्र के किसानों ने बताया कि पिछले करीब 15 दिनों से तेंदुए का आवागमन अधिक होने लगा है, इससे कृषक खेतों में जाने से डर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ प्रतिदिन करीब पांच किलोमीटर क्षेत्र में घूम रहा है, जिससे रात के समय खेतों और घरों से बाहर निकलने में खतरा महसूस हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हर दिन उसकी लोकेशन बदल रही है, लेकिन वह लगातार आबादी के आसपास मंडरा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय पर कार्रवाई नहीं हुई, तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। सोमवार को क्षेत्र के पार्षद प्रतिनिधि रामचरण पटेल, भाजपा नेता अर्जुन चौधरी के साथ ग्रामीणजन वनमंडलाधिकारी अमित कुमार सिंह से मिले जहां उन्होनें तेंदुए का रेस्क्यू करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। डीएफओ ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि मामले को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की जाएगी और रेस्क्यू के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे। फिलहाल कोशिश की जा रही है कि तेंदुआ खुद जंगल की ओर लौट जाए। वहीं उन्होनें बताया कि अभी एक ही तेंदुए की जानकारी है इसके साथ ही वहां पर एक लकड़बग्घा भी है।

# निगम स्वास्थ्य विभाग की समिति अध्यक्ष ने समीक्षा कर सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों पर स्पॉट फाइन करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




नगर निगम की स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन समिति की बैठक समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिह बैस की अध्यक्षता मे सोमवार को निगम बैठक हाल मे सम्पन्न हुई। बैठक मे सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वाले लोगों के विरूद्ध स्पॉट फाईन कर चालानी कार्यवाही करने के साथ ही घरों घर कचरा एकत्रीकरण करने हेतु कचरा संग्रहण वाहनों के समय पर वार्डो मे पहुंचाने, वाहनों मे गीले,सुखे कचरे के प्रथक्कीकरण के निर्देश जारी किए। कचरा वाहनों पर हेल्पर की व्यवस्था पर चर्चा की गई। जिसमे हेल्परों की उपस्थिती ली जाए। इस पर वार्ड के स्वच्छता निरीक्षकों सहित वार्ड दरोगा भी प्रभावी नियंत्रण रखें। बैठक मे वाहन प्रभारी से कहा कि वे कचरा संग्रहण वाहनों के रूट की पुनः समीक्षा करें तथा ऐसा रूट चार्ट बनाए और लोकेशन भी देखें जिससे सम्पूर्ण वार्ड मे कचरा संग्रहण किया जाए। निगम द्वारा प्रमुख मार्गो, चौराहों पर 110 लीटर बिन स्थापित किये गये। राहगीरों द्वारा इसमे डाले जाने वाले कचरे को प्रतिदिन निकालकर गाडी के माध्यम से ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाए जाने के भी निर्देश जारी किए गए। शहर मे आवारा रूप से स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों, गौवंशों को पकडकर शंकरगढ गौशाला मे भेजा जाए। अध्यक्ष बैस एवं समिति सदस्यों राजेन्द्र ठाकुर, भूपेश ठाकुर, महेश फुलेरी, प्रतिनिधि महेन्द्र देशमुख ने कहा कि वार्ड दरोगा अपने अपने क्षेत्रों के गोपालकों की सूची तैयार करें तथा गोपालकों को पहले अपने अपने गोवंशों को अपने घरों मे रखने की समझाईश दे, तत्पश्चात इनको सूचना पत्र जारी करें। बैठक मे गौशाला मे गौवंश भेजने के पूर्व बीमार, दुर्घटनाग्रस्त गौवंशों का प्राथमिक उपचार हेतु पशु चिकित्सालय भेजें अथवा संस्था अभिरंग शंकरगढ गौशाला के प्रतिनिधियों को सूचित करें जो कि पशु प्राथमिक चिकित्सा पद्धति मे अधिकृत है। शहर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने मे निगम को सहयोग प्रदान करें। बैठक मे उपायुक्त जाकीर जाफरी, स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया, वाहन विभाग प्रभारी सुर्यप्रकाश तिवारी, स्वच्छता निरीक्षक हरेन्द्रसिह ठाकुर, हेमन्त उबनारे, भूषण पवार, ओमप्रकाश पथरोड, विजय सांगते, शंकर सांगते, संदीप सांगते,अनूप सांगते आदि उपस्थित रहे।

## करणी सेना प्रमुख बोले- मुख्यमंत्री को सौंपेंगे सबूत

**देवास।** करणी सेना परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर को हरदा जेल से रिहा कर दिया गया है। रिहाई के बाद वे जावरा जाते समय देवास पहुंचे, जहां उन्होंने कहा कि जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलकर वीडियो, रिपोर्ट और सबूत सौंपेंगे और संगठन का पक्ष रखेंगे। शेरपुर ने कहा कि जब तक सभी साथी रिहा नहीं होते, संगठन की कोई बैठक नहीं होगी और न ही कोई आगे की रणनीति तय की जाएगी। करणी सेना परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेरपुर ने कहा कि जब तक प्राण है, तब तर संघर्ष जारी रहेगा।

# 50 प्रतिशत से कम वसूली: बैंक की तीन शाखा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित देवास के शाखा प्रबंधकों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्टर कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर सिंह ने लक्ष्य से कम वसूली होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की तीन शाखा सोनकच्छ, उदयनगर एवं मंडी प्रांगण के शाखा प्रबंधकों को 50 प्रतिशत से कम वसूली होने एवं गतवर्ष से ऋणात्मक वसूली के लिए कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश बैंक मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिये।सिंह ने 80 प्रतिशत से अधिक वसूली के लिए शाखा पिपल्यासड़क एवं शाखा टोंकखुर्द के शाखा प्रबंधकों को वसूली में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही समस्त शाखा प्रबंधकों को कृषकों को लक्ष्य अनुसार मध्यकालीन कृषि ऋण वितरण किये जाने एवं कालातीत कृषकों की सूची बना कर कालातीत ऋणों की शत प्रतिशत वसूली करने निर्देश दिये। बैठक में बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पी.एस. पुरी द्वारा बैंक शाखाओं की वसूली की स्थिति से अवगत कराया।

# ऋणमुक्तेश्वर महादेव के जलाभिषेक के साथ हुआ महिला कांवड़ यात्रा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



नगर चापड़ा में प्रतिवर्ष जिले की एकमात्र महिला कावड़ यात्रा का आयोजन किया जाता है। सावन माह में धारा जी से चापडा तक महिलाएं पैदल चलकर कावड़ यात्रा को पूरी करती हैं। जानकारी अनुसार इस वर्ष भी जय शिव महिला कावड़ यात्रा का आयोजन महिलाओं द्वारा किया गया। 11 जून को धराजी घाट से मां नर्मदा का जल भरकर महिलाओं ने कावड़ यात्रा प्रारंभ की थी, जो कि पैदल चलकर लगभग 80 किमी का सफर तय कर 13 जुलाई शाम को चापडा पहुंची।

इस दौरान महिला कावड़ यात्रा का सभी नगरवासियों एवं क्षेत्र वासियों द्वारा भव्य रूप से पुष्प वर्षा का स्वागत किया गया। इस दौरान कावड़ यात्रा नगर भ्रमण कर ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंची, जहां रात्रि विश्राम किया। जहां पर स्व. बंटू जैन की स्मृति में उनके पुत्र नितेश जैन द्वारा कावड़ यात्रियों के लिए भोजन व्यवस्था की गई। बता दे की नितेश जैन लगातार 3 वर्षों से महिलाओं के लिए भोजन व्यवस्था निःशुल्क की जा रही है। सोमवार सुबह सभी कावड़ यात्री महिलाओं द्वारा ऋणमुक्तेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर यात्रा का समापन किया गया। बागली नगर में जगह जगह नगरवासियों व्दारा महिला कावड़ यात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान जनपद सदस्य आशिष पाटीदार, सरपंच दुर्गा वैष्णव, गोविंद वैष्णव,कमल जायसवाल ,अभिषेक बडोला आदि उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त महिला कावड़ यात्रा का विगत 17 वर्षों से आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष 600 से अधिक महिलाएं यात्रा में सम्मिलित हुई थी। तीन दिवसीय महिला कावड़ यात्रा का सोमवार के दिन ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर पर जलाभिषेक कर समापन किया गया।

# जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला पंचायत सभाकक्ष में एक बगिया मॉं के नाम के तहत जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ज्योति शर्मा की उपस्थिति में किया गया। कार्यशाला में ''एक बगिया मॉं के नाम'' के तहत की जाने वाली सम्पूर्ण कार्यवाही के संबंध में जानकारी दी गई एवं सभी को अपने-अपने दायित्वों के संबंध में अवगत कराया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, उद्यानिकी, कृषि विभाग के अधिकारी/कर्मचारी और ग्रामीण आजीविका मिशन टीम तथा स्व सहायता समूहों की कृषि सखी दीदीया उपस्थित थी। कार्यशाला में बताया गया कि सभी को समय-सीमा में शतप्रतिशत गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करना अनिवार्य है। कार्यशाला में प्रत्येक हितग्राही से टीम का समन्वय, फिल्ड भ्रमण, भूमि प्रबंधन, एक-एक पौधे की जानकारी, सिपरी एप आदि पर विस्तार पूवर्क मार्गदर्शन दिया गया।कार्यशाला में बताया गया कि ''एक बगिया मॉं के नाम'' परियोजना अंतर्गत पौधारोपण की क्रियान्वयन एजेंसी ग्राम पंचायत होगी। पौध रोपण 15 अगस्त से 15 सितम्बर 2025 के मध्य किया जायेगा। फलोउद्यान के साथ अंतरवर्तीय फसलें (Inter-Cropping) आवश्यक रूप से लिए जाने हेतु हितग्राहियों को प्रेरित किया जायेगा। ग्राम स्तर पर फलोउद्यान के प्रबंधन/सहायता हेतु आजीविका मिशन की कृषि सखी उपलब्ध होगी।

**नदी में पानी बढ़ने से 8 महीने के लिए बंद हुआ पीपलरावां इकलेरामाताजी मार्ग**

# सोनकच्छ विधानसभा की 50 गांवों के लोग होते हैं परेशान





हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

ग्राम सुरजना स्थित कालीसिंध नदी में पानी आने से आठ महीनों के लिए पीपलरावां - इकलेरामाताजी मार्ग पूरी तरह से बंद हो गया है। नदी पर पुल नहीं होने से सोनकच्छ विधानसभा की टोंकखुर्द तथा सोनकच्छ तहसील के करीब 50 गांवों के लोगों को 10 किमी. की दूरी तय करने के लिए 40 किमी. का सफर करना पड़ेगा। जानकारी अनुसार सोनकच्छ विधानसभा के बीचो बीच कालीसिंध नदी बहती है। यह नदी सोनकच्छ विधानसभा को टोंकखुर्द तथा सोनकच्छ तहसील में बांटती है। करीब 10 साल पहले ग्राम सुरजना से लेकर भूतेश्वर के बीच कालीसिंध नदी पर स्टापडेम बनाए गए थे। बारिश के दिनों में ये स्टाप डेम पानी से पूरी तरह लबालब भर जाते हैं। स्टाप डेम बन जाने से नदी के दोनों तरफ स्थित करीब 50 गांवों का आवागमन जब तक स्टाप डेम में पानी खत्म नहीं होता है तब तक पूरी तरह बंद हो जाता है। जिसके कारण पीपलरावां तथा इकलेरामाताजी क्षेत्र के लोगों को 10 किमी. दूरी के लिए बेराखेड़ी फाटे होते हुए 40 किमी. का चक्कर लगाना पड़ता है। वहीं कुछ लोग नाव में जान जोखिम में डालकर भी नदी पार करते हैं।

### नदी के एक तरफ थाना तो दूसरी तरफ पुलिस चौकी

बारिश के दिनों में मार्ग बंद होने से सबसे ज्यादा परेशानी पुलिस कर्मचारियों को उठाना पड़ती है, क्योंकि नदी के एक तरफ बालोन पुलिस चौकी के करीब 25 गांव तथा दूसरी तरफ पुलिस थाना स्थित है। किसी प्रकार की घटना होने पर पुलिस को मौके पर पहुंचने में काफी देर हो जाती है।

### 50 गांवों के लोग नदी पर पुल बनाने की कर रहे मांग

इस समस्या को देखते हुए क्षेत्र के करीब 50 गांवों के लोग पिछले 10 वर्षों से नदी पर पुल बनाने की मांग कर रहे हैं किंतु अभी तक पुल स्वीकृत नहीं हो पाया है। सेतू निर्माण विभाग द्वारा करीब 7 वर्ष पूर्व यहां पर पुल निर्माण का प्रस्ताव भोपाल भेजा गया है। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के इस वर्ष 10 फरवरी को पीपलरावां आगमन पर विधायक डॉ. राजेश सोनकर के द्वारा मंच से पुल निर्माण करने की मांग भी रखी जा चुकी है, किंतु अभी तक पुल स्वीकृत नहीं हो पाया है।

# आवास योजना अंतर्गत स्वीकृति पत्र किए वितरित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

नगर परिषद बागली में शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नप अध्यक्ष सीमा कमल यादव, सीएमओ प्रमोद कुमार बरूआ,कमल यादव शामिल हुए। इस दौरान कमल यादव ने हितग्राहियों को जानकारी देते हुए बताया कि सरकार मध्यम वर्ग का योजनाओं के माध्यम से सहयोग कर रही है। नगर में लगातार पात्रता रखने वाले हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इस अवसर पर हितग्राहियों को लाभान्वित करते हुए स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। नवीन प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत हितग्राहियों को नवीन घरों में गृह प्रवेशकराया गया।

सीएमओ प्रमोद कुमार बरूआ ने बताया कि नगर परिषद व्दारा लगातार स्वच्छता अभियान अंतर्गत नगर में साफ सफाई कराई जा रही है,साथ ही लगातार विकास कार्यों की ध्यान देते हुए काम किया जा रहा है।इस दौरान पार्षद अमित धुलिये, पार्षद रजत बजाज, आरवा बोहरा,राधेश्याम राठौर नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारी एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश

**सीहोर।** विधायक गोपालसिंह इंजीनियर लगातार आष्टा विधानसभा क्षेत्र के विकास खंड स्तरीय विभिन्न विभागों की समीक्षा के माध्यम से शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन, चल रहे निर्माण कार्यों, विकास के प्रस्तावो व अन्य विभागीय विषयो को लेकर समीक्षा कर निगाह रखे रहते है । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर समय-समय पर विभाग बार समीक्षा करते हैं । इसी कड़ी में आज आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जनपद पंचायत के सभा कक्ष में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की । बैठक में एसडीएम नितिन टाले,सीईओ अमित व्यास सहित शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी उपस्तिथ रहे । समीक्षा बैठक में शिक्षा विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों को लेकर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली । केंद्र एवं राज्य शासन की शिक्षा से सम्बंधित शिक्षा विभाग की योजनाओं,कार्यक्रमो, कार्यों एवं शासकीय विद्यालयों में शिक्षाको की उपस्थिति,शिक्षकों की कमियां, शासकीय विद्यालय के भवनो की स्थिति,आष्टा विधानसभा क्षेत्र में शुरू होने वाले जावर सांदीपनी विद्यालय एवं शिक्षा विभाग द्वारा चलाए गए नए शिक्षा सत्र में स्कूल चले अभियान नव प्रवेशी विद्यार्थियों की संख्या तथा अन्य विषयों को लेकर गंभीरता से समीक्षा कर जानकारी अली तथा सख्त लेने में शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों विकासखंड शिक्षा अधिकारी बीआरसी एवं संकुल प्रभारी को निर्देश दिए की शिक्षा विभाग जो एक महत्वपूर्ण विभाग है इस विभाग को लेकर मध्य प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार की कई योजनाएं विद्यार्थियों के लिए संचालित होती है उसको लेकर वह गंभीरता से कार्य करें तथा अगर किसी विद्यालय के अंदर या किसी प्रकार की कोई शिक्षा संबंधी समस्याएं हैं तो उसे अवगत कराये ताकि शासन स्तर पर उनका हल करवाने का प्रयास किया जाए।

### प्रांतीय उपभोक्ता संरक्षण समिति की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक

**सीहोर।** प्रांतीय उपभोक्ता संरक्षण समिति की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक गुजरात के अहमदाबाद नगर में भव्य रूप से संपन्न हुई। इस बैठक में समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष, अहमदाबाद महापौर, गुजरात सहित देश के विभिन्न राज्यों से पधारे वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता, एवं विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।इस विशेष बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठनात्मक मजबूती, कार्यप्रणाली में सुधार तथा देशभर में संगठन के प्रभावी विस्तार को लेकर रणनीतिक विमर्श करना था। बैठक के दौरान संगठन के विभिन्न प्रदेशों में कार्यरत इकाइयों की गतिविधियों की समीक्षा की गई और उन्हें और अधिक सक्रिय व प्रभावशाली बनाने के उपायों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक की शुरुआत राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने संगठन की उपलब्धियों, चुनौतियों तथा आगामी योजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।

### करणी सेना के प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर की गिरफ्तारी से नाराज हुए कार्यकर्ता

# देवास-हरदा में करणी सेना पर लाठीचार्ज के विरोध में जावर में हाईवे पर चक्काजाम

हाइवे जाम की सूचना मिलते ही तत्काल अधिकारी मौके पर पहुंचे। आपसी सहमति से जाम को खुलवाया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर/सीहोर

हरदा और देवास में करणी सेना के कार्यकर्ताओं पर हुए लाठीचार्ज और गिरफ्तारी के विरोध में रविवार को जावर में इंदौर-भोपाल मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। इस दौरान दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। रविवार को हरदा में करणी सेना परिवार के प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर को हरदा से पुलिस ने किया गिरफ्तार किया था। इस से नाराज होकर इंदौर भोपाल हाईवे पर करणी सेनिको ने जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। जाम की सूचना मिलने पर जिला प्रशासन मौके पर पहुंचा, और करनी सेना के पदाधिकारियों से चर्चा की। करणी सेना पदाधिकारियों का कहना है की जल्द से जल्द जीवन सिंह शेरपुर को रिहा किया जाए नहीं तो पूरे मध्य प्रदेश में करणी सेना चक्का जाम, धरना प्रदर्शन करेगी।



### हरदा में लाठी चार्ज, वाटर कैनन के साथ छोड़े आंसू गैस के गोले

हरदा में चक्काजाम कर रहे करणी सेना परिवार के कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने दो दिन में तीन बार लाठीचार्ज किया। रविवार सुबह भी पुलिस ने उन्हें समझाइश दी, नहीं मानने पर आंसू गैस के गोले छोड़े। लाठीचार्ज कर खदेड़ा। वाटर कैनन चलाकर भी प्रदर्शनकारियों को कंट्रोल किया। प्रदर्शन में शामिल करणी सेना परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर समेत 50 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जिला जेल में भेजा लिया है। तनाव के चलते यहां हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, सीहोर, देवास और खंडवा जिले का पुलिस फोर्स तैनात किया गया।

### यहां से शुरू हुआ हंगामा

करणी सेना परिवार के पदाधिकारी आशीष राजपूत से हीरा खरीदने के नाम पर 18 लाख रुपए की धोखाधड़ी हुई थी। आशीष ने विकास लोधी, मोहित वर्मा और उमेश तपानिया पर केस दर्ज कराया था। पुलिस ने मोहित को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को पुलिस मोहित को लेकर कोर्ट में चालान पेश करने जा रही थी। इसी दौरान करीब 40 कार्यकर्ता इकट्ठा हो गए और आरोपी को उनके हवाले करने की मांग कर नारेबाजी करने लगे। हंगामा बढ़ा तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर करणी सेना के जिलाध्यक्ष सुनील राजपूत, आशीष राजपूत समेत 4 लोगों को गिरफ्तार कर लिया था। इसी गिरफ्तारी के खिलाफ कार्यकर्ता रविवार को प्रदर्शन करने जुटे।

### देवास में हाईवे जाम किया, पुलिस ने बल प्रयोग कर करणी सेना को खदेड़ा

देवास में करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने इंदौर-भोपाल बायपास चौराहे पर चक्का जाम कर दिया। इस दौरान दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। कार्यकर्ताओं के समझाइश के बाद भी नहीं मानने पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर उन्हें हटाया। सूचना मिलते ही बीएनपी थाना प्रभारी अमित सोलंकी और यातायात थाना प्रभारी पवन



बागड़ी सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने नाराज कार्यकर्ताओं से बातचीत की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने। एडीएम बिहारी सिंह भी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से चर्चा की, लेकिन कार्यकर्ता भोपाल बायपास पर डटे रहे। जब कार्यकर्ता लगातार समझाइश के बाद भी नहीं माने, तो पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर उन्हें खदेड़ा। पुलिस की कार्रवाई के बाद कार्यकर्ता मौके से भाग गए। इसके बाद पुलिस ने रुका हुआ यातायात फिर से शुरू करवाया।

# जल्द मिलेगी किसानों को फसल बीमा की राशि

### विधायक ने खेतों में जाकर देखे हालात



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जनसुनवाई में कई किसानों द्वारा सोयाबीन की फसल खराब होने की शिकायतों के बाद विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान ग्राम श्यामपुरा टप्पा,लसुलड़िया विजयसिंह सहित अन्य ग्रामो में पहुच कर ग्राम चौपाल लगा कर क्षेत्र के अन्नदाता किसान भाईयों के साथ संवाद किया ।

संवाद के दौरान किसानों ने बताया की उन्होंने जो सोयाबीन खरीदा था काफी कम उगा,कई किसानों ने बताया की सोयाबीन बढ़ नही रह है,कई किसानों ने यह भी बताया की उनके द्वारा बीज उपचार की जिस दवा का उपयोग किया उसके कारण फसल खराब हुई है । कई किसानों ने सोयाबीन का अंकुरण नही होने की शिकायत की। विधायक ने संवाद कर किसानों की समस्याएं सुनने के बाद किसानों के साथ उनके खेतो में पहुचे,सोयाबीन की प्रभावित हुई फसल को देखा। फसलों के निरीक्षण के बाद विधायक ने चौपाल पर किसानों से संवाद करते हुए बताया की मुझे लगातार शिकायत मिल रही थी की पूर्व में जो फसल खराब हुई थी, जिसका सर्वे भी हो चुका लेकिन फसल बीमे की राशि नही मिली है, वो कब मिलेगी। विधायक ने कहा की मुख्यमंत्री किसानों की समस्याओं को लेकर गम्भीर है, उनके प्रयास जल्द नजर आने वाले है। जल्द ही वर्ष 2023, 24, 25 की बीमा राशि किसानों को मिलेगी। स्थानीय किसानों ने मुझे भी शिकायत की थी कि बीमे की राशि कब आयेगी। शिकायतों के बाद जब उच्चस्तर पर सम्बंधित अधिकारियों, कृषि विभाग, राजस्व विभाग तक चर्चा की। सब किसान भाईयों के लिये ये खुशखबरी है की वर्ष 2023, 24, 25 की बीमे की राशि जल्द ही बीमा कम्पनी द्वारा किसानों के खाते में डाली जायेगी। वही किसानों की शिकायत पर खेतो में जो सोयाबीन की फसल देखी उससे लगता है, फसलों पर विपरीत असर पड़ा है।

मौके से ही विधायक ने एसडीएम नितिन टाले को फसलों की स्तिथि से अवगत कराते हुए टीम गठित कर सर्वे कराने के निर्देश दिये हैं। ग्रामीण क्षेत्र के दौरे के दौरान विधायक ने ग्राम श्यामपुर टप्पा, लसुलड़िया विजयसिंह में किसानों से उनकी खराब हुई फसल को लेकर ग्राम में ही चौपाल लगा कर संवाद किया। किसानों के साथ खेत में पहुंचकर खराब हुई फसलो का निरीक्षण किया ओर उनकी समस्याए भी सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

# कंपनी के जिम्मेदारों को नहीं जानकारी, चोरी की बिजली से किया जा रहा मांगलिक भवन का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अहमदपुर



श्यामपुर तहसील के ग्राम अहदमपुर में ठेकेदार विद्युत विभाग को चुनौती दे रहा है और मनमाने तरीके से नियम विरुद्ध तरीके से भवन निर्माण में बिजली प्रयोग की जा रही है। परन्तु जिम्मेदार विभाग आखिरकार मौन अवस्था धरण करे हुए क्यों बैठा है यह सवाल उठना लाज़मि है। ग्राम अहदमपुर में आरआई विभाग के अंतर्गत ग्राम में मंगलीक भवन का निर्माण कार्य जारी है। जिसको सम्बंधित ठेकेदार द्वारा यह निर्माण कार्य किया जा रहा है। लेकिन ठेकेदार मनमाने तरीके से अवैध रूप से विद्युत विभाग से अनुमान लिए बिना ही खम्भे से सीधे वायर डालकर चोरी की बिजली का उपयोग किया जा रहा है। जिससे कही ना कही विद्युत विभाग को हानि हो रही है। बावजूद इसके विद्युग विभाग इस ठेकेदार पर मेहरबान बना हुआ है। इससे यह प्रतीत होता है कि विद्युत विभाग के ही अधिकारी की मिली भगत से ठेकेदार सीधे खम्भे से विद्युत का प्रयोग कर रहा है। क्योंकि शासकीय भवन निर्माण के लिए ना ठेकेदार ने कोई आस्थाई विद्युत कनेक्शन लिया सीधे खम्बे से बिजली चोरी की जा रही है। परन्तु विद्युत विभाग इतना लापरवाह हो गया है कि उन्हें अपने जिम्मेदार अधिकारियों का भी कोई डर नहीं है। अगर कोई उपभोक्ता इस प्रकार का कार्य कर लेता तो विद्युत विभाग कार्रवाई पर उतारू हो जाता है। परंतु ठेकेदार द्वारा इस प्रकार का कार्य किया जाना यह भी तो अवैधानिक है। फिलहाल अब देखना यह होंगा की क्या जिम्मेदार अधिकारी ठेकेदार पर कोई कार्रवाई करते है या फिर मुरखदर्शक बने रहेंगे। मामले को लेकर अहमदपुर में बिजली विभाग के जेई शिवराम सिंह ने बताया है कि मेरे पास ऐसा किसी भी प्रकार का कोई



कनेक्शन अभी तक नहीं लिया गया है। आपके द्वारा बताया गया है तो में संबंधित लाइनमैन से इस मामले की जानकारी लेता हूं।

### पुण्य प्राप्ति का पुरुषार्थ करें, बच्चों को संस्कार के साथ प्रोत्साहित भी करें: मुनिश्री सानंद सागर

**आष्टा।** आचार्य श्री विद्यासागर महाराज पाठशाला के बच्चों ने आदिनाथ भगवान सहित आचार्य विद्यासागर जी एवं नवाचार्य समय सागर जी के चित्र का अनावरण कर दीप प्रज्ज्वलित कर मुनिश्री को शास्त्र भेंट कर आचार्यश्री की पूजा -अर्चना भक्ति भाव से की।इस अवसर पर आचार्य आर्जव सागर मुनिराज के शिष्य मुनिश्री सानंद सागर ने आशीष वचन देते हुए कहा कि यह बच्चे संस्कारवान हो रहें हैं। कोई बच्चा ढोलक बजा रहा था।आप सभी श्रद्धा, भक्ति और भाव निर्मल रखें। मां - बेटे की प्रेरणा दायक कहानी सुनाई।एक मां ने अपने बेटे से कहा था कि मुसीबत में श्रद्धा और भक्ति के साथ अरिहंत भैय्या काम आते हैं। उन्हें याद करते ही वह आ जाते हैं। मां की बातों पर बच्चों को भरोसा करना चाहिए।श्रद्धा में अपार भक्ति थी, तो जंगल में देव बाल रूप धारण कर बच्चे को स्कूल और बाद में घर तक छोड़ने गए। मुनिश्री ने कहा णमोकार महामंत्र का जाप करते रहना चाहिए। बच्चों को संस्कार देने के साथ उन्हें प्रोत्साहित भी करें। बड़े भाई -भाभी भी माता -पिता तुल्य है। अगर देवरानी -जेठानी मिलजुल कर रहे तो घर नर्क नहीं मंदिर बन जाएगा। एक -दूसरे के कर्तव्यों का पालन करें, अपने आप से प्रारंभ करें।

### खाचरोद प्रखंड में विहिप का हुआ अभ्यास वर्ग




**खाचरोद।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सिद्धपुर जिला सीहोर के तत्वाधान में प्रखंड खाचरोद में प्रखंड अभ्यास वर्ग रखा गया वर्ग में कार्यकर्ताओं को संगठ नात्मक प्रशिक्षण विभाग संगठन मंत्री भानु सिंह राजपूत द्वारा प्रशिक्षण दिया गया एवं आगामी कार्यक्रम को लेकर जिला मंत्री राकेश कुमार विश्वकर्मा ने प्रखंड के कार्यकर्ताओं को बाबा बूढ़ा अमरनाथ यात्रा एवं विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस कार्यक्रम की योजना इकाई स्तर पर कार्यक्रम करने हेतु योजना बनाई गई बैठक में संपर्क अधिकारी बनाए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजगढ़ विभाग के संगठन मंत्री भानु सिहं राजपूत जिला उपाध्यक्ष रेवा शंकर जाट, जिला मंत्री राकेश कुमार विश्वकर्मा, मार्गदर्शन मंडल प्रमुख पंडित मोहित राम पाठक, प्रखंड अध्यक्ष बलराम जाट, प्रखंड संयोजक अकेसिहं ठाकुर, पूर्व सरपंच भील खेड़ी प्रखंड सह मंत्री रामनिवास जाट, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पटेल, सह मंत्री रामनिवास, वीरेंद्र जैन, पूर्व सरपंच रोलागाव राम सिह, बने सिंह व प्रखंड कार्य समिति खंड समिति इकाई अध्यक्ष मंत्री संयोजक एवं खाचरोद प्रखंड के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में प्रशिक्षण अभ्यास वर्ग संपन्न हुआ।

# गोशाला समिति ने शोकाकुल सुराणा परिवार को सौंपा संवेदना पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

समाज सेवा के साथ ही बेसहारा और बीमार गोवंश की सेवा में सदैव तत्पर रहने वाले स्थानीय मां पार्वती गोशाला के कोषाध्यक्ष संजय सुराणा को पितृ शोक होने पर गोशाला सदस्यों ने उन्हें संवेदना पत्रक सौंप कर दिवंगत पिता को श्रद्धांजलि अर्पित की । पार्वती धाम गोशाला के अध्यक्ष पूर्व पार्षद नरेंद्र कुशवाह ने पत्रक का वाचन किया ।संवेदना पत्रक में संजय सुराणा के पिता स्वर्गीय ताराचंद सुराणा द्वारा समाजसेवा के लिए प्रोत्साहन, मधुर व्यवहार और उनके जीवन संघर्ष का उल्लेख करते हुए श्रद्धांजलि



अर्पित की गई। गौशाला समिति उपाध्यक्ष किरण दीदी, सचिव सुनील कचनेरिया एडवोकेट, सहसचिव अनील धनगर, विशेष सहयोगी मुकेश आर्य, रवि कामरिया, नरेंद्र पोरवाल, रवि कुशवाहा, गोपाल कुशवाहा, संजय जैन किला,विपिन सिंघी, प्रकाश कुशवाहा मामा, नितीन सिंघी आदि ने उनके शास्त्री कॉलोनी स्थित निवास पर पहुंच कर शोकाकुल परिवार को ढाढस बंधाया।

### पांच दिवसीय कथा के तीसरे दिवस में शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का वर्णन

# शिव, पार्वती के दिव्य मिलन को कथा की शैली में किया प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

श्रावण मास के पावन अवसर पर नगर आष्टा में शिवभक्ति का अद्भुत आयोजन माखनलाल, दिनेश कुमार एवं धर्मेन्द्र सोनी परिवार द्वारा किया जा रहा है। निज निवास, ओमशांति मार्ग, ब्लैक भवन रोड पर चल रहे पार्थेश्वर शिवलिंग निर्माण, पूजन, महाअभिषेक एवं श्री शिव कथा के इस पांच दिवसीय कार्यक्रम का सफल संचालन पं. अशोककुमार शर्मा आचार्य के सानिध्य में हो रहा है। आयोजन के तीसरे दिवस में श्रद्धालुजनों को शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का सुंदर, भावविभोर कर देने वाला श्रवण कराया गया, जिसमें भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य मिलन की पौराणिक कथा को रोचक शैली में प्रस्तुत किया गया।

कथा में पंडित अशोक शर्मा आचार्य ने बताया कि भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह सनातन धर्म की सबसे पवित्र और रोचक कथाओं में से एक है। यह कथा शिव पुराण, स्कंद पुराण व रामचरितमानस आदि ग्रंथों में वर्णित है। दक्ष प्रजापति द्वारा भगवान शिव का अपमान हुआ, जिससे दुखी होकर सती ने यज्ञ कुण्ड में आत्मदाह कर लिया,सती के वियोग में शिवजी ने सारा संसार छोड़कर तपस्या में लीन होने का संकल्प लिया। हिमालय प्रदेश के राज परिवार सती ने पार्वती के रूप में पुनर्जन्म लिया। पार्वती बचपन से ही भगवान शिव को




अपने पति के रूप में स्वीकार कर चुकी थीं। भगवान शिव को पुनः पाने के लिए पार्वती जी ने हिमालय की गुफाओं में कठोर तप किया। कई वर्षों तक निर्जल, निराहार तपस्या करने के बाद उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर शिव प्रकट हुए। पार्वती के तप से चिंतित देवताओं ने शिवजी का ध्यान भंग करने के लिए कामदेव को भेजा। शिवजी की तीसरी आंख से कामदेव जलकर भस्म हो गए। यह घटना बताती है कि ईश्वर को पाने के लिए केवल भक्ति और तप ही मार्ग है। शिवजी ने पार्वती की भक्ति की परीक्षा ली और अंततः विवाह हेतु सहमत हुए। नारद मुनि के माध्यम से यह शुभ समाचार हिमालय राज परिवार को प्राप्त हुआ। पर्वतराज हिमालय ने भव्य विवाह समारोह की योजना बनाई। भगवान शिव की बारात में भूत, प्रेत, गण, योगी, नाग, और विविध विचित्र रूप वाले गण शामिल हुए। माता पार्वती की सखियाँ शिव बारात को देखकर डर गईं, पर पार्वती ने कहा – ₹मेरे लिए यही सर्वश्रेष्ठ हैं। ब्रह्मा जी ने विधिवत विवाह के मंत्रों से विवाह सम्पन्न करवाया। देवताओं, ऋषियों, गंधर्वों ने विवाह में उत्सव मनाया। यह विवाह तप, प्रेम और समर्पण का प्रतीक बन गया। यह कथा दर्शाती है कि सच्ची भक्ति और निष्ठा से ईश्वर को प्राप्त किया जा सकता है। शिव-पार्वती का विवाह संसारिक विवाह का आध्यात्मिक स्वरूप भी है, जिसमें तपस्या, आत्मा का मिलन और पूर्ण समर्पण होता है। आज की कथा में संसद भवन के मुख्य द्वार पर प्रधानमंत्री द्वारा नंदी की स्थापना के महत्व के बारे में भी बताते हुए आचार्य पं अशोक शर्मा ने कहा नंदी धर्म का अवतार है जहां धर्म विराजमान हो जाता है वहां धर्म नहीं हो सकता और इसके ऊपर स्वयं शिव विराजमान है वह कदा भी अन्याय नहीं हो सकता एवं नंदी जहां विराजमान हो जाते हैं वहां धन-धान्य व धर्म सदा विराजमान रहता है।

यह आयोजन श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक वातावरण से परिपूर्ण है, जिसमें नगरवासी बड़ी संख्या में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। आयोजक परिवार द्वारा नगर के श्रद्धालुजन एवं भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है। आज शिव पार्वती विवाह को अभिजीत संग पायल ने सजीव चित्रण कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर मोहित भाग्यश्री सोनी, राज रुपाली सोनी, अभिजीत पायल सोनी, नंदिनी सोनी, श्रुति सोनी, रुद्र सोनी, मिराँश सोनी, दिशा सोनी सहित भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश सुराणा, होटल व्यापारी संघ मेन अध्यक्ष सौरभ शीतल, विधायक प्रतिनिधि उत्थान धरवा, मंजू सोनी, सोनू गुणवान, मंडल अध्यक्ष अंजनी विशाल चौरसिया, रवि शर्मा, रूपेश राठौर सहित बड़ी संख्या में शिव भक्त मौजूद थे।

# बारिश शुरू होते ही सब्जियों के दामों पर पड़ रहा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



बारिश शुरू होते ही सब्जियों के भाव में भारी वृद्धि हुई है इसका सीधा-सीधा सा असर आम नागरिकों पर पड़ रहा है सामान्यता जो सब्जियां 30 से 40 किलो मिलती है वह सब्जियां 80 से 120 रुपए किलो तक पहुंच गई है। बता दे की बारिश की शुरुआत में ही आष्टा की पुरानी और नई सब्जी मंडी में सब्जियों के भाव आसमान पर पहुंच गए हैं सब्जियों के भाव बढ़ने से आम नागरिकों पर सीधा-सीधा असर पड़ रहा है।

आष्टा, जावर ,सिद्धि गंज , क्षेत्र की सब्जी मंडीयो में भी सब्जियों के भाव में तेजी देखी गई है। बारिश में सब्जियों के दाम बढ़ते हैं सब्जी मंडी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा ने बताया कि बाहर से आने वाली सब्जियां कम आ रही है परिवहन भी महंगा हो गया है ऐसे में सब्जियां कम आने से रेट बढ़ गया है एक-दो महीने बाद सब्जियों के भाव कम होने की उम्मीद है। खेरची विक्रेता ओम प्रकाश कुशवाहा ने बताया कि बारिश शुरू होते ही सब्जी मंडी में सब्जियों के भाव बढ़ गए हैं आगे से ही सब्जियां महंगी आ रही है इसलिए हमें मजबूरी में भाव बढ़ाकर बेचना पड़ता है।

सब्जी मंडी में यहां है सब्जियों का भावप्याज का भाव प्याज 20, आलू 20, कद्दू 40, गोभी 80, गिलकी, ककड़ी 40, मिर्ची 60, सुरैया 120 और कटर 80, करेले 80, मेथी सो रुपए, सुरजना फली 150 रुपए, भिंडी 80, शिमला मिर्च सो रुपए, गवारफली सो रुपए किलो, लौकी 40, टिंडे सो रुपए किलो, धनिया डेढ़ सौ रुपए किलो ,केरी 70 किलो, टमाटर 50 किलो।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय दिल्ली में लंबित पड़ी हैं फाइलें

# कब तक नरबली लेता रहेगा राजगढ़ के बीच से निकला बाइपास

## बीते 1 वर्ष के दौरान बाइपास क्षेत्र में हो चुके हैं अनेकों हादसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ शहर के बीचों-बीच से निकल रहे बाइपास पर आए दिन दुर्घटनाओं के मामले सामने आ रहे हैं। बीते एक पखवाड़े में हुए दो अलग-अलग हादसों में 2 लोगों की मौत हो चुकी है। इसके साथ बीते एक वर्ष के दौरान घनी आबादी और यातायात के बीच से निकल रहे इस बाईपास पर दर्जनों एक्सीडेंट के मामले सामने आ चुके हैं। ब्यावरा, खिलचीपुर, सारंगपुर जैसे तहसील मुख्यालयों के हाईवे के बाइपासों का निर्माण करवा दिया गया है लेकिन जिला मुख्यालय होने के बावजूद यहां का बाइपास अभी तक शहरी सीमा के अंदर से ही निकल रहा है। जबकि, पीडल्यूडी विभाग की एनएच विंग नवीन बाइपास निर्माण के लिए करीब 400 करोड़ की राशि स्वीकृति भी कर चुकी है।

18 सितंबर 2024 पीडल्यूडी एनएच विंग के अधिकारियों, जिला प्रशासन के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों की एक बैठक भी बाईपास का रूट फाईनल करने बैठक भी हो चुकी है जिनमें से खोयरी महादेव वाला रूट पूरी तरह कैंसिल किया जा चुका है क्योंकि वहां 80 फीसदी से अधिक वन्य क्षेत्र है। इसमें में बाकी के 2 अन्य रूटों में से किसी एक को फाइनल करने हेतु प्रक्रिया बीते एक साल से विचाराधीन चल रही है और मामले की फाईलें लोक निर्माण विभाग भोपाल की एनएच विंग या एनएच के दिल्ली मंत्रालय में धूल खा रही हैं।


हरिभूमि

पीडब्ल्यूडी की एनएच विंग करवाएगी बाईपास का निर्माण, 15 किमी होगी लंबाई

राजगढ़ बाईपास स्वीकृत, 400 करोड़ की लागत से होगा निर्माण



### इन दो रूटों पर मांगे गए थे सुझाव

नवीन बाइपास निर्माण के लिए जहां 400 करोड़ के लगभग की राशि तो स्वीकृत हो चुकी है लेकिन तय किए गए दो रूटों में से किस रूट पर बाईपास का निर्माण किया जाए इस बारे में मामला अधर में लटका हुआ है। बाईपास निर्माण हेतु खोयरी रूट वाला आप्शन-1 तो कैंसिल किया जा चुका है। दूसरे ऑप्शन वाले बाईपास की लंबाई 9.5 किमी है जो प्रतापगढ़, रघुनाथगढ़, भगवतिपुर, जुगलपुरा, हरजीपुरा, देवझिरी वाला है। वहीं तीसरे रूट ऑप्शन वाला बाईपास करीब 15 किमी लंबाई वाला है जो रामपुरा, कालीतलाई, मद्यपुरा, पीपल्या पाटनकला, गोवर्धनुपरा, मोरपीपली, हरजीपुरा, जोगीपुरा, फतेहपुर वाला है।

### 15 किमी लंबाई वाला रूट लगभग हुआ था फाइनल

सितंबर 2024 में हुई बैठक में 15 किमी लंबाई वाला ऑप्शन-3 रूट के बाईपास पर सभी की सहमति बनी थी। फाइनल स्वीकृति का प्रस्ताव पीडल्यूडी एनएच को भिजवा दिया गया था लेकिन अब इसके आगे प्रक्रिया बढ़ ही नहीं पा रही है।

### जनप्रतिनिधि भी नहीं दिखा रहे रुचि

शहर के आम नागरिक जहां बाईपास के शीघ्र निर्माण की मांग कर रहे हैं वहीं जिले के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते प्रशासनिक अधिकारी भी मौन साधे बैठे हैं और बाईपास की फाईलें मंत्रालय में धूल खा रही हैं।

### इनका कहना है...

डीपीआर बनाने के लिए हमारे पास प्रजोजल आया था लेकिन बाइपास का एलाईनमेंट मिनिस्ट्री ऑफ रोड एंड ट्रांसपोर्टेशन से अप्रूव होकर अभी आया नहीं है। वहां से अप्रुवल के बाद ही आगे की प्रक्रियाएं बढ़ पाएंगी।

**प्रीति निगम, एसिसटेंट इंजीनियर, पीडल्यूडी एनएच, भोपाल**

गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के सीएमओ को दिए निर्देश

# मंत्री टेटवाल ने निर्माणाधीन कार्यों के निरीक्षण के साथ मंदिर जीर्णोद्वार सहित महिला भजन मंडल के लिए दी राशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों की श्रृंखला में सारंगपुर नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 18 में अधोसंरचना चतुर्थ मद के विकास कार्य अंतर्गत सीसी सड़क एवं पेवर ब्लाक निर्माणाधीन स्थल तथा निर्माण कार्य का रविवार को राज्य मंत्री डॉ गौतम टेटवाल ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति नपा इंजीनियर सहित सीएमओ को निर्देश दिए कि कार्य समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण किए जाएं। इस दौरान स्थानीय पार्षद भानु लववंशी सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे ।

**महिला भजन मंडल के बीच पहुंचे मंत्री टेटवाल:** रविवार को वार्ड क्रमांक 18 जयनगर के निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान गांव में स्थित महादेव मंदिर के समीप ग्रामीण भजन मंडल की बहनों से मिले और उनकी मांग के अनुसार स्वच्छनुदान राशि से कीर्तन भजन के लिए ढोलक,मंजीरे आदि क्रय करने के लिए 10 हजार रुपए की राशि देने की घोषणा की,

**मंदिर के जीर्णोद्वार के लिए दिए 2 लाख:** सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के प्राचीन देवालयों के लिए राज्य मंत्री गौतम टेटवाल द्वारा अलग अलग मंदिरों में राशि दी गई जिससे कई मंदिरों का जीर्णोद्वार हो चुका हैं या कार्य चल रहे हैं इसी श्रृंखला में रविवार को वार्ड क्रमांक 18 के निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान गांव के प्राचीन शिवालय के जीर्णोद्वार के लिए ग्रामीणों की मांग पर राज्य मंत्री गौतम टेटवाल द्वारा 2 लाख की राशि तत्काल स्वीकृत करने की बात कही ,

**निर्माणाधीन संजीवनी क्लिनिक का किया निरीक्षण-** शासन द्वारा बेहतर स्वास्थ सुविधा के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ केंद्र भवनों का निर्माण किया जा रहा हैं इसी कड़ी में सारंगपुर में भी अस्पताल से दूर रहने वाले वार्ड वासियों की सुविधा के लिए संजीवनी क्लिनिक नाम देकर स्वास्थ केंद्र भवन का निर्माण शासन निधि से चल रहा हैं उक्त कार्य का राज्य मंत्री टेटवाल द्वारा निरीक्षण किया एवं तकनीकी अमले से निर्माण कार्य के बारे में जानकारी ली। इस दौरान मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा,सीएमओ ज्योति सुनेरे,थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा,पार्षद सुनील लववंशी, कुलदीप राठौर,रमेश लववंशी, विनोद लववंशी आदि मौजूद थे।

# आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ जिला राजगढ़ प्रांतीय अध्यक्ष भरत पटेल जी के आवाहन पर जिला अध्यक्ष हेमराज शर्मा के नेतृत्व में शिक्षक स्वाभिमान रैली का आयोजन कर 13 जुलाई को कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मुख्य मांगे, शिक्षकों पर लागू किया गया ई अटेंडेंस प्रक्रिया को पूर्णता रोक लगाई जाए। गुरुजियों को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता दी जाए।

अध्यापक शिक्षक संवर्ग को भी राज्य एवं केंद्र के अन्य कर्मचारियों के समान प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करके पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया जाए। जनजाति कार्य विभाग में कार्यरत अध्यापक शिक्षक वर्ग को स्कूल शिक्षा विभाग में मर्ज किया जाए। अनुकनपा नियुक्ति नियमों को शिक्षित किया जाए।

अध्यापक शिक्षक संवर्ग की रुकी हुई हड़ताल अवधि का वेतन भुगतान किया जाए। अध्यापक शिक्षक कैशलेस मेडिकलसुविधा उपलब्ध की जाए। आई एफ एम एस पोर्टल में प्राथमिक माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षकों को नियुक्ति दिनांक 01ध07ध् 2018 दर्ज है उसे सुधार कर उनकी प्रथम नियुक्ति दिनांक अंकित की जाए। ऐसी अनेकों मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया ।ज्ञापन में उपस्थित प्रांतीय पदाधिकारी संभागीय पदाधिकारी जिले की कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं समस्त आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के साथी उपस्थित रहे।

राहगीरों को आने-जाने में हो रही परेशानी, आए दिन हो रहे चोटिल

# मरम्मत के अभाव में सोमवारिया छोटा पुल हुआ गड्ढों में तब्दील, नगर परिषद का नहीं इस ओर कोई ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर



नगर के सोमवारिया वार्ड क्रमांक - 03 में स्थित गांड़ गंगा नदी पर रियासत कालीन निर्मित छोटा पुल बरसों से मरम्मत के अभाव में गड्ढों में तब्दील हो गया है। अर्थात चिनकारियों से बने इस पूल की दराजें खाली होने से गड्ढे हो गए हैं जिससे आने-जाने वाले लोगों को काफी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार गड्डो के चलते मोटरसाइकिलें अनबैलेंस होकर गिर जाती है ओर सवार व्यक्तियों को चोट लग जाती है वहीं पैदल चलने वाले लोगों को भी संभल कर चलना पड़ता है नहीं तो पैर फैक्चर होने का भय बना रहता है, बीते दिनों में एसी घटनाएं दो-तीन बार हो चुकी है हालांकि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। रोजाना हजारों लोग इस पूल से गुजरकर बाजार आते-जाते हैं, क्योंकि बाजार जाने के लिए वार्ड - 1,2,3, के रहवासियों तथा आस पास लगे गांव के लोगों का शॉर्टकट रास्ता यही है।

सोमवारिया वासियों ने बताया कि 8-10 वर्षों पहले जब अध्यक्ष अनीता -प्रदीप गुप्ता थे तब इसकी मरम्मत हुई थी तब से अब तक इस पूल की मरम्मत नगर परिषद द्वारा आज तक नहीं कराई गई,अब ऐसे में आवागमन में हमें तकलीफें उठानी पड़ रही है। नगर परिषद का इस ओर अभी तक कोई ध्यान नहीं गया है, यदि समय रहते पूल की मरम्मत नहीं कराई गयी तो कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

### इनका कहना है

हां मुझे भी सूचना मिली है, पुल की दराजें शीघ्र ही भरवा दी जाएंगी।

**अनिल जोशी, प्रभारी सीएमओ खिलचीपुर**

# करणी सेना ने नारे लगाते हुए हाईवे किया जाम, तहसीलदार को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

हरदा पुलिस प्रशासन द्वारा समस्त करणी सैनिकों को रिहा करने एवं राजपूत समाज के साथ बर्बरता करने वाले पुलिसकर्मियों पर उचित कार्यवाही करने को लेकर रविवार को पाडल्या माता चौराहा नेशनल हाईवे सारंगपुर पर सारंगपुर क्षेत्र के करणी सेना के सैनिकों ने चक्काजाम कर दिया। काफी देर तक नारे बाजी करते रहे। मौके पर एसडीओपी अरविंद्र सिंह एवं थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा दल बल के साथ हाईवे पर पहुंचे और करणी सैनिकों को आक्रोश को देखते हुए सुरक्षा पर नजर रखी तभी तहसीलदार आकाश शर्मा पहुंचे करणी सैनिकों द्वारा मुख्यमंत्री के नाम उन्हें ज्ञापन सौंपा जिसमें हरदा पुलिस प्रशासन द्वारा समस्त करणी सैनिकों को रिहा करने की मांग की गई हैं। ज्ञापन के बाद जाम खोला गया। इस दौरान स्थानीय करणी सैनिक मौजूद थे।

# पत्रकार सुरक्षा कानून हर हाल में लागू हो: डॉ सक्सेना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा




जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश की प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक एवं संभागीय पत्रकार कार्यशाला के आयोजन पर बोलते हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रांताध्यक्ष डॉ अरुण सक्सेना ने पत्रकार सुरक्षा कानून हरहाल में लागू हो, साथ ही कहा कि यह पत्रकारों का अधिकार भी है। सरकार अभी तक इस विषय में मौन है निश्चित ही इसके पीछे कानून लागू करने में आ रही कुछ तकनीकी समस्याएं हो सकती है। संभवतः सरकार इनके समुचित निराकरण के पश्चात कानून लागू करें।

पत्रकारो की कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए राज्यसभा टीवी के संपादक निदेशक, देश के वरिष्ठ पत्रकार राजेश बादल ने बताया की आने वाले समय में डिजिटल पत्रकारिता का भविष्य उज्ज्वल है, वही बताया की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक भावना रहित मशीनरी सॉफ्टवेयर है जो मानव मस्तिष्क को अध्ययन करके सोचे गए कार्य को करने पर प्रेरित करती है।

कार्यक्रम में भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ के राष्ट्रीय महासचिव डॉ नवीन आनंद जोशी ने कहा कि मध्यप्रदेश के जनसंपर्क विभाग की पत्रकारों के हितों की योजनाओं को संपूर्ण देश में लागू किए जाने के प्रयास बीएसपीएस के माध्यम से हम कर रहे है। अभी हमने पत्रकार को मिलने वाली श्रद्धा निधि का मामला हो या पत्रकार सुरक्षा बीमा योजना या अन्य कल्याणकारी योजनाएं। पत्रकारों के हित में प्रदेश में लागू करवाने हेतु यदि आवश्यक हुआ तो आंदोलन का सहारा भी लेंगे। कार्यक्रम का भव्य आगाज माँ सरस्वती की प्रतिमा पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन करने के उपरांत किया गया। इसके पूर्व गुना बायपास चौराहे पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद प्रदेश भर से आए पत्रकारों ने बाबा साहब अंबेडकर, स्वामी विवेकानंद और पं दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर वाहन रैली निकालकर काफिले के रूप कार्यक्रम स्थल पहुंचे। गौरतलब है कि भारी बारिश में लगभग 35-40 चारपहिया वाहन की रैली नगर में आकर्षण के केंद्र रही। कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष चंदरसिंह सोंधिया, पूर्वजिलापंचायत अध्यक्ष जसवंत गुर्जर, भाजपा प्रांतीय कार्यसमिति सदस्य दिलवर यादव, नपाध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने प्रदेश भर से आए पत्रकार साथियों को सम्मानित किया।

सेवा सदन में हुई जनसुनवाई

# मंत्री टेटवाल बोले - क्षेत्रवासियों की समस्याओं का शीघ्र और प्रभावी समाधान किया जाएगा

**सारंगपुर।** मप्र प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ. गौतम टेटवाल ने एसडीएम चौराहे पर स्थित सेवा सदन कार्यालय में क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनीं और उन्हें शीघ्र एवं प्रभावी समाधान का विश्वास दिलाया। मंत्री ने कहा कि आप सभी के सहयोग और विश्वास से यह जनसेवा की यात्रा निरंतर आगे बढ रही है। आपका विश्वास ही मेरी सबसे बडी प्रेरणा है, और मैं सदैव निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ जनसेवा के इस पावन कार्य में संलग्न रहूंगा। इस दौरान आमजन ने मंत्री के समक्ष पीएम आवास, बिजली, पानी, सड़क और रोजगार से संबंधित मांग रखी और समाधान की अपील की, मंत्री ने सभी समस्याओं का हल करने के लिए आश्वास्त किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, विनोद पाटीदार, गिरवर भंडारी, शेखर शर्मा, कमल राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं भाजपा पदाधिकारीगण उपस्थित थे।



# शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल का जिला शिक्षा अधिकारी ने किया निरीक्षण, कई शिक्षक अनुपस्थित मिले




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

शासन प्रशासन चाहे कितने ही कठोर नियम लागू कर ले। लेकिन अनियमितता पर पूर्ण रूपेण लगाम लगा बना असंभव ही प्रतीत होता है। शिक्षा के क्षेत्र में शासन लगातार नित नए प्रयोग कर रहे लेकिन कतिपय शिक्षक शिक्षिकाऐ उनका पालन करने में लापरवाही बरतते हैं जिससे शिक्षा विभाग पर प्रश्न चिह्न लगता है। ऐसा ही एक मामला हाल ही में सामने आया नगर में संचालित शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल का जिला शिक्षा अधिकारी करणसिंह भिलाला द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया जहां पर शासन प्रशासन के निर्धारित समय पर विद्यालय में कार्यरत शिक्षक शिक्षिकाओं में लगभग एक तिहाई शिक्षक शिक्षिकाएं नदारत पाई गई। जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कन्या शाला में 11 शिक्षक शिक्षिकाऐ अनुपस्थित पाए गए उनको कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। डीईओ भिलाला ने बताया कि निरीक्षण के दौरान दस बजकर पचास मिनट पर शिक्षक शिक्षिकाऐ अर्चना त्रिपाठी, प्रियंका वर्मा, कृष्णा द्विवेदी, शशीबाला शर्मा, रामबाबू पवांर, चंदा शर्मा राजेश गुप्ता, रमेशचंद्र वर्मा, भवानी सिंह दांगी, संगीता शर्मा आदि अनुपस्थिति थे।

जालपा माता मंदिर पहुंचकर मैया का पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद लिया

# मोहनपुरा बांध के भ्रमण पर पहुंचे 1975 बैच के 21 पूर्व विद्यार्थी



**राजगढ़।** राजगढ़ महाविद्यालय में 50 वर्ष पूर्व सन 1975 में अध्ययनरत विद्यार्थियों(अब सीनियर सिटीजन) का बैच रविवार को मोहनपुरा बांध के भ्रमण पर पहुंचा। जिले में 50 वर्ष पूर्व ली गई शिक्षा के बदौलत ये 21 विद्यार्थी महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों, प्रतिष्ठित कंपनियों, व्यवसायों, बैंकिंग क्षेत्रों इत्यादि से जुड़कर जीवन में कई उपलब्धियां हासिल की हैं।

इस दल में छतरपुर के पूर्व कलेक्टर रमेश कुमार भंडारी सहित अन्य प्रतिष्ठित पूर्व विद्यार्थी शामिल थे। मोहनपुरा बांध से जिले में आए आमूलचूल बदलावों और क्षेत्र के कायाकल्प होने पर सभी ने प्रसन्नता जाहिर की। इसके पूर्व शनिवार को यह पूरा दल राजगढ़ पीएम श्री महाविद्यालय के उसी कक्ष में पहुंचा था जहां सभी साथ बैठकर पढ़ाई किया करते थे। 50 वर्षों पूर्व वाले कॉलेज में पहुंचकर सभी की पुरानी यादें ताजा हो उठीं। पुराने दिनों को याद करते हुए दल में शामिल कुछ महिलाओं की आंखें भी भर आईं। तदुपरान्त सभी ने जालपा माता मंदिर पहुंचकर मैया का पूजन-अर्चन करते हुए आर्शिवाद लिया।

**दल में यह रहे शामिल:** हदल के साथ विभाग के सुनील कुमार जोशी, देवास विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र बापट, मप्र ग्रामीण बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद जोशी, गुजरात सरकार में वरिष्ठ इंजीनियर रहे प्रभाकर संत, एमपीजीबी बैंक के प्रबंधक सुभाष पारिख, स्टेट बैंक के अश्विनी कुमार व्यास, शिक्षा विभाग में डायरेक्टर रहीं मीनाक्षी गुरू सहित अन्य शामिल थे। यह सभी पूर्व विद्यार्थी पुणे, भोपाल, होशंगाबाद, मंदसौर, इंदौर, देवास, ग्वालियर, मैसूर सहित भारत के अन्य शहरों में सेवारत रहे हैं।